# विदर्भ स्वाभिमान

संपादक - सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे    www.vidarbhswabhiman.com    9423426199/8855019189

❖ अमरावती, 27 मार्च से 2 अप्रैल 2025 ❖वर्ष :15 ❖ अंक- 40 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य - 4/-पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2025-2027 ❖डाक : शुक्रवार-शनिवार


## बाबूजी के आदर्श विचार



### ख़ुशियों के कुछ टिप्स

ज़ीवन में परिवार को बढ़ाने के लिए सभी प्रयास करते हैं लेकिन कोशिश करो कि यह माया का संसार है. परिवार को बढ़ाने के लिए अगर पाप की कमाई घर में आती है तो इसका पाप लाने वालों को ही होगा. नैतिकता के साथ जो जिम्मेदारी मिली है, उसका सही तरीके से निर्वहन करें.


**पेज नंबर 2**
तेजी से नीतिविहीन होती जा रही है राज्य की राजनीति

**पेज नं.3**
मेरा नाम जोकर को बनाने में लगे थे 6 साल,फ्लाप ने तोड़ा दिल

**पेज क्र.6**
परशुराम शोभायात्रा समिति के संयोजक बने युवा समाजसेवी विक्की शर्मा,अभिनंदन

**पेज नं. 8**
अच्छे कर्म निश्चित ही दिलाते हैं हमें हमारी मंजिल, सदैव अच्छा सोचें और अच्छा करें


धर्म, मानवता और संस्कारों को बढ़ावा देने वाला, पूरी तरह से सकारात्मक खबरों को प्राथमिकता देने वाला देश का एकमात्र हिंदी साप्ताहिक अखबार

# नागपुर दंगों का बांग्लादेश से कनेक्शन

## फर्जी दस्तावेजों के सहारे आधार कार्ड बनाने की बात आरोपी ने की स्वीकार,110 लोग अभी तक धरे गए

**एजेंसिया, 26 मार्च**

**मुंबई-** मुंबई में एक बांग्लादेशी नागरिक को देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. नागपुर में पिछले दिनों हुए दंगे में इसका हाथ और इसकी सहभागिता की गहन जांच पुलिस कर रही है. नागपुर दंगों को लेकर गंभीरता से जांच करने और आरोपियों केखिलाफ कठोर कार्रवाई का निर्देश मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा दिया गया है. इसके चलते नागपुर दंगों की गहन जांच की जा रही है.



इस बारे में एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने यह जांच शुरू कर दी है कि क्या वह 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा में शामिल था.उन्होंने बताया कि क्राइम ब्रंच यूनिट ने बुधवार को दादर से अजीजुल निजानुल रहमान को हिरासत में लिया. अधिकारी ने गुरुवार को बताया, 'हमें संदेह है कि हिंसा के समय वह नागपुर में था.

उन्होंने कहा-वह नागपुर के हसनबाग का निवासी है और कुछ दिन पहले ही दादर आया था. दिहाड़ी मजदूर रहमान ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके आधार कार्ड प्राप्त करने की बात स्वीकार की है.

**कई तरह से की जा रही है जांच**

अधिकारी ने कहा, 'हम जांच के हिस्से के रूप में उसके मोबाइल फोन टावर लोकेशन की जांच कर रहे हैं. हमने अपने नागपुर समकक्षों के साथ उसकी गिरफ्तारी के बारे में जानकारी भी साझा की है.बता दें, छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए विहिप और बजरंग दल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान पवित्र शिलालेखों वाली चादर जलाए जाने की अफवाहों के बीच 17 मार्च को मध्य नागपुर के इलाकों में भीड़ ने उत्पात मचाया.हिंसा के सिलसिले में 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें मुख्य आरोपी फहीम खान भी शामिल है.

# 2 हजार किमी.दूर बैठे डाक्टरों ने किया दिल का ऑपरेशन

## दो आईपीएस अधिकारियों को मिला प्रमोशन



**बेंगलुरु-** कर्नाटक में स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों का फल दिखने लगा है. मरीज से दो हजार किलोमीटर दूर बैठे डॉक्टरों ने दिल का सफल ऑपरेशन किया है. इस सर्जरी को भारत की स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली, एसएसआइ मंत्रा की मदद से किया गया.सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम निर्माता एसएस इनोवेशन ने शुक्रवार को बताया कि गुरुग्राम स्थित एसएस इनोवेशन के मुख्यालय से बेंगलुरु के एस्टर सीएमआइ अस्पताल में 35 वर्षीय मरीज की टेली-रोबोटिक इंट्राकार्डियक सर्जरी की गई. दो घंटे और 40 मिनट तक चली इस सर्जरी में जटिल एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट (एएसडी) को बंद किया गया. यह एक जन्मजात स्थिति है जिसमें दिल में एक छोटा सा छेद हो जाता है.अपनी तरह के हुए इस ऑपरेशन ने दिल के मरीजों के लिए बेहतरीन रास्ता खोला

**शेष 2 पर**









## श्री वेंकटाचल की महिमा

कलयुग के देवता भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी के करोड़ों भक्त विश्वभर में फैले हैं. पिछले 25 साल से उनकी भक्ति से क्या-क्या अनुभव किया है, इसको ध्यान में रखते हुए अनाथों के नाथ, निराधारों के आधार तिरूपति निवासा भगवान व्यंकटेश्वर की कथा की 10वीं किश्त पेज 4 पर अवश्य पढ़ें. जय गोविंदा,जय




विदर्भ स्वाभिमान

संपादकीय

# तेजी से नीतिहीन होती जा रही है राजनीति

*राजनीति का भी कितना कमाल है कल तक जो लोग हिन्दुत्व की धार पर चलते थे, वही आज इसके खिलाफ वाली पंगत में जाकर बैठे हैं. शिवसेना सुप्रीमो बालासाहब ठाकरे ने जिस शिवसेना का गठन ही हिन्दुत्व के प्रचार और राष्ट्र धर्म को सबसे बड़ा धर्म मानने के लिए किया था, वह आज अपने सिद्धांतों से हट गई है. सवाल यह है कि अगर हम अपनी विचारधारा पर नहीं चलते हैं तोनिश्चित तौर पर हमारे जीवन तथा सिद्धांतों को कभी पक्का नहीं माना जा सकता है. राजनीतिक स्वार्थ के लिए जिस तरह से सभी दल पलटते हैं, उसके चलते सचमुच नैतिकता विहीन राजनीति हमें कहां ले जाएगी, ऐसा सवाल पैदा हो रहा है.*

*आगामी दिनों में बिहार के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में फिर एक बार राजनीतिक रस्साकस्सी से शुरू हो गई है. पवित्र रमजान महीने में भाजपा द्वारा मुसलमानों के लिए सौगात ए मोदी शुरू किया गया है. भाजपा की श्रावैया पर बरसते हुए शिवसेना के नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि बंटेंगे तो कटेंगे का नारा देने वाले मुसलमानों को सौगात दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह सौगात ए मोदी नहीं सौगात ए सत्ता है. उद्धव ठाकरे के बयान को गंभीरता से लेते हुए भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने जहां कहा कि उद्धव ठाकरे को लगातार टूटती जा रही है अपनी पार्टी पर ध्यान देना चाहिए. बीजेपी कभी भी मुसलमानों के विरोधी नहीं रही है लेकिन भारत में रहकर पाकिस्तान के झंडा लहराने वाले लोगों के खिलाफ वही है. मामले में भाजपा का साथ देते हुए राकांपा नेता और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि सौगात मोदी को लेकर उद्धव ठाकरे को क्यों बुरा लग रहा है यह उनकी समझ से बाहर है. राज्य सरकार सभी को साथ लेकर सभी का साथ राज्य का विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है ऐसे में सौगात ए मोदी सरकार द्वारा शुरू किया गया है.उद्धव ठाकरे ने कहा कि मोदी ने लोकसभा चुनाव में मंगलसूत्र चोरी करने के बारे में भाषण दिया था अब हिंदू महिलाओं के मंगलसूत्र की रक्षा कौन करेगा.उनके मुताबिक का भाजपा को हिंदू तो छोड़ने का ऐलान कर देना चाहिए. वर्ष 2024 के चुनाव में बड़े पैमाने पर मुस्लिम समाज में शिवसेना को जब वोट दिया था तो इस समय भाजपा ने इसको सत्ता जिहाद करार दिया था. लेकिन अब भाजपा का ढोंग सबके सामने आने की बात कही. चुनावों के दौरान राजनीति दल गिरगिट से भी तेज गति से रंग क्यों बदलते हैं और लोग इन्हें क्यों झेलते हैं, इस पर विचार करने का समय आ गया है.*

# व्यवहार और नियत से होती पहचान



विदर्भ स्वाभिमान
www.vidrabhswabhiman.com 9423426199

जीवन में किसी व्यक्ति की पहचान उसके व्यवहार और नियत से होती है. नियति भी इतनी महान होती है कि हम लाख अपना चेहरा छिपाने का प्रयास करते हैं लेकिन वह असली नियत तक हमें ले जाती है. इसलिए कोशिश करना चाहिए कि हम जिस रूप में वास्तविक हैं, उसी रूप में दुनिया में रहने का प्रयास करें. कोई मक्कार अच्छाई का नाटक कर कुछ दिनों तक जरूर किसी को बेवकूफ बना सकता है लेकिन उसकी सच्चाई निश्चित तौर पर आती है. अगर हमें सम्मान का जीवन जीना है तो निश्चित तौर पर अंदर-बाहर का भेद मिटाने का प्रयास करना चाहिए. क्यों कि हमारा व्यवहार और नियत हमारी असली पहचान दिला ही देती है. इस बारे में एक अच्छी कहानी यहां प्रस्तुत है.

राजा के दरबार में.एक आदमी नौकरी मांगने के लिए आया! तो उस व्यक्ति से उसकी क़ाबलियत पूछी गई.


तो वो बोला-मैं आदमी हो चाहे जानवर, उसकी शक्ल देख कर उसके बारे में बता सकता हूँ.

राजा ने उसे अपने खास 'घोड़ों के अस्तबल का इंचार्ज' बना दिया.कुछ ही दिन बाद राजा ने उससे अपने सब से महंगे और मनपसन्द घोड़े के बारे में पूछा, तो उसने कहा- घोड़ा नस्ली नही है.राजा को हैरानी हुई,उसने जंगल से घोड़े वाले को बुला कर पूछा, उसने बताया घोड़ा नस्ली तो हैं, पर इसके पैदा होते ही इसकी मां मर गई थी.इसलिए ये एक गाय का दूध पी कर उसके साथ पला बढ़ा है.राजा ने अपने नौकर को बुलाया और पूछा तुम को कैसे पता चला के घोड़ा नस्ली नहीं हैं?'उसने कहा- 'जब ये घास खाता है तो गायों की तरह सर नीचे करके खाता है, जबकि नस्ली घोड़ा घास मह में लेकर सर उठा लेता है.राजा उसकी काबलियत से बहुत खुश हुआ,उसने नौकर के घर अनाज ,घी, मुर्गे, और ढेर सारी बकरियां बतौर इनाम भिजवा दिए.और अब उसे रानी के महल में तैनात कर दिया.कुछ दिनो बाद राजा ने उससे रानी के बारे में राय मांगी,उसने कहा-'तौर तरीके तो रानी जैसे हैं, लेकिन पैदाइशी नहीं हैं.राजा के पैरों तले जमीन निकल गई, उसने अपनी सास को बुलाया,सास ने कहा-ये हक़ीक़त है कि आपके पिताजी ने मेरे पति से हमारी बेटी की पैदाइश पर ही रिश्ता मांग लिया था,लेकिन हमारी बेटी 6 महीने में ही मर गई थी, लिहाज़ा हम ने आपके रजवाड़े से करीबी रखने के लिए किसी और की बच्ची को अपनी बेटी बना लिया.राजा ने फिर अपने नौकर से पूछा,'तुम को कैसे पता चला?उसने कहा-'रानी साहिबा का नौकरो के साथ सुलूक गंवारों से भी बुरा है,एक खानदानी इंसान का दूसरों से व्यवहार करने का एक तरीका होता है,जो रानी साहिबा में बिल्कुल नही है.राजा फिर उसकी पारखी नज़रों से खुश हुआ,और फिर से बहुत सारा अनाज भेड़ बकरियां बतौर इनाम दी.साथ ही उसे अपने दरबार मे तैनात कर लिया.

कुछ वक्त गुज़रा,राजा ने फिर नौकर को बुलाया, और अपने बारे में पूछा,

नौकर ने कहा-'जान की सलामती हो तो कहूँ राजा ने वादा किया तो उसने कहा, 'न तो आप राजा के बेटे हा और न ही आपका चलन राजाओं वाला है.राजा को बहुत गुस्सा आया,मगर जान की सलामती का वचन दे चुका था, राजा सीधाअपनी मां के महल पहुंचा...मां ने कहा-ये सच है,तुम एक चरवाहे के बेटे हो, हमारी औलाद नहीं थी, तो तुम्हे गोद लेकर हम ने पाला.राजा ने नौकर को बुलाया और पूछा,बता, 'भोई वाले तुझे कैसे पता चला? उसने कहा-जब राजा किसी को 'इनाम दिया करते हैं, तो हीरे मोती और जवाहरात की शक्ल में देते हैं.लेकिन आप भेड़, बकरियां, खाने पीने की चीजें दिया करते हैं.ये रवैया किसी राजा का नही, किसी चरवाहे के बेटे का ही हो सकता है.किसी इंसान के पास कितनी धन दौलत, सुख समृद्धि, रुतबा, बाहुबल हैं ये सब बाहरी दिखावा हैं.इंसान की असलियत की पहचान,उसके व्यवहार और उसकी नियत से होती है.

## 2 हजार किमी.दूर बैठे डाक्टरों ने किया दिल का ऑपरेशन



**पेज 1 से जारी- दुनियाभर में इकलौता टेलीसर्जरी रोबोटिक सिस्टम-** एसएस इनोवेशन के संस्थापक, अध्यक्ष और सीईओ डा. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, टेलीसर्जरी के साथ हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि विश्व स्तरीय शल्य चिकित्सा विशेषज्ञता दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचे. आज भी कई बार दूरदराज वाले क्षेत्रों में गंभीर किस्म के मरीजों की हालत गंभीर होने पर समुचित और समय पर उपचार सुविदा नहीं मिलने के कारण मौत हो जाती है. इसको ध्यान में रखते हुए यह प्रयास निश्चित ही काफी कारगर होगा. हमने प्रदर्शित किया है कि कैसे दूरी अब उन्नत चिकित्सा देखभाल के लिए बाधा नहीं है. एसएस इनोवेशन द्वारा विकसित, एसएसआइ मंत्र 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम दुनियाभर में एकमात्र रोबोटिक सिस्टम है जिसे टेलीसर्जरी और टेली-प्रोक्टरिंग के लिए अनुमोदन प्राप्त हुआ है.वैद्यकीय क्षेत्र में जिस तरह से बेहतरीन खोज हो रही है, उससे जीवन सुलभ होने की संभावना है.

## कुणाल कामरा को हाईकोर्ट से राहत


**चेन्नई-** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी. कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर अपने जोक को लेकर विवाद का सामना कर रहे हैं.अदालत ने कामरा को इस शर्त पर राहत दी कि उन्हें तमिलनाडु के विल्लुपरम जिले के वनूर में न्यायिक मजिस्ट्रेट की संतुष्टि के लिए एक बांड भरना होगा. न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने दूसरे प्रतिवादी (खार पुलिस) को भी नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को तय की.कामरा ने बताया है कि वह 2021 में मुंबई से तमिलनाडु चले गए थे और तब से इसी राज्य के निवासी हैं और उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तारी का डर है. कामरा ने मुंबई में अपने हालिया शो के दौरान शिंदे पर तीखी टिप्पणियों के कारण परेशानी में पड़ गए और बड़ा विवाद खड़ा हो गया.कामरा ने मुंबई के खार में हैबिटेट कॉमेडी क्लब में एक शो किया था, जहां उन्होंने शिंदे को निशाना बनाते हुए एक पैरोडी गाना गाया था. इस वीडियो के सामने आने के बाद शिवसेना समर्थकों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और रविवार रात क्लब और होटल में तोड़फोड़ की.

विदर्भ स्वाभिमान

यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbhäswabhiman@gmail.com.www.vidrabhswabhiman.com

# मेरा नाम जोकर है क़ो बनाने में लगे थे 6 साल

**नई दिल्ली-** राज कपूर को यूं ही हिंदी सिनेमा का शो मैन नहीं कहा जाता है. जब वह कैमरे के सामने अभिनय करते थे तो अपने किरदार में पूरी तरह से डूब जाते थे. ऐसे ही जब वह निर्देशक की कुर्सी पर बैठे होते थे तो जब तक उन्हें एक परफेक्ट शॉट नहीं मिलता था, तब तक न तो वह खुद सेट से जाते और न ही एक्टर का पैकअप होने देते थे. अपनी ऑडियंस को एक से बढ़कर एक फिल्में और गाने देने वाले राज कपूर की आज सबसे यादगार फिल्मों में से एक 'मेरा नाम जोकर है'.






आज के समय में इंडियन सिनेमा की क्लासिक कल्ट फिल्मों में से एक 'मेरा नाम जोकर' साल 1970 की सबसे बड़ी फ्लॉप में शुमार थी. इस फिल्म को बनाने में एक या दो नहीं, बल्कि पूरे छह साल लगे थे. ये राज कपूर का ड्रीम प्रोजेक्ट था. क्या आपको पता है कि इस फिल्म को बनाने में इतना समय क्यों लगा था. इस फिल्म के पीछे राज कपूर ने क्या कुछ नहीं खोया. बड़ी स्टारकास्ट वाली यें फिल्म उस दौर में क्यों सबसे बड़ी फ्लॉप बनी, चलिए जानते हैं इसकी सही वजह. मेरा नाम जोकर एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी. जिसकी कहानी से लेकर निर्देशन तक का काम राज कपूर ने आरके बैनर तले किया था. उन्होंने मूवी में 'राजू' का किरदार निभाया था. ऋषि कपूर ने राज कपूर के बचपन का किरदार अदा किया था. उसके अलावा इस फिल्म में मनोज कमार, धर्मेंद्र, पद्मिनी, सिमी ग्रेवाल, केसेँनिया रयाबिनकिना, दारा सिंह, ओम प्रकाश, राजेन्द्र नाथ, अचला सचदेव जैसे बड़े सितारे नजर आए थे.रिपोर्ट्स की मानें तो 'मेरा नाम जोकर' को बनाने में छह साल इसलिए लगे, क्योंकि मूवी की स्टारकास्ट काफी बड़ी थी और सभी का टाइम मैच होना संभव नहीं था. उस वक्त में मनोज कुमार से लेकर धर्मेंद्र तक एक बड़ा नाम बन चुके थे. ऐसे में सभी के टाइम को मैच करते-करते काफी समय चला गया.ये फिल्म राज कपूर का ड्रीम प्रोजेक्ट था. 'मेरा नाम जोकर' को बनाते समय जब काफी समय लग रहा था, तो आसपास मौजूद कई लोगों ने दिग्गज अभिनेता को सलाह भी दी, लेकिन उन्होंने किसी की एक नहीं सुनी. राज कपूर ने इस फिल्म को बनाने के लिए अपने घर से लेकर अपनी कई प्रॉपर्टी गिरवी रख दी थी. नतीजन जब ये फिल्म रिलीज हुई तो बुरी तरह से पिट गई और राज कपूर बहुत ज्यादा कर्जे में डूब गए.ऑडियंस को कुछ अलग परोसने के चक्कर में जब उनकी फिल्म को दर्शक ही नहीं मिले, तो अभिनेता का दिल टूट गया. ऐसा कहा जाता है कि उन्होंने खुद को एक साल तक सबसे दूर रखा था. लेकिन कहते हैं न कि अंधेरे के बाद एक रोशनी होती है, ऐसा ही राज कपूर के साथ भी हुआ. उन्होंने बेटे ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया को लेकर फिल्म 'बॉबी' बनाई. ये दोनों स्टार्स की ही बतौर यंगस्टर पहली फिल्म थी. 'बॉबी' ने राज कपूर की किस्मत के सोए सितारों को जगा दिया और ये फिल्म एक बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई. जब 'मेरा नाम जोकर' 1970 में फ्लॉप हुई, तो किसी ने कहा कि फिल्म का रन टाइम 4 घंटे से ज्यादा था इसलिए नहीं चली. किसी ने कहा कि मूवी डबल इंटरवल की वजह से पिट गई.


# महाराष्ट्र शासन
# जलसंपदा विभाग
## निविदा सुचना क्रमांक 48 सन 2024-2025

कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी विभाग अकोला 4440044 (दुरध्वनी 0724-248854) हे मा. राज्यपाल, महाराष्ट्र राज्य यांचे वतीने खालील नमूद केलेल्या कामाकरीता मोहोरबंद निविदा अनुभवी यांत्रिकी संघटने अंतर्गत नोंदणिकृत रकाना क्रं 10 मध्ये नमूद केलेल्या वर्गवारीनुसार ब-1 नमुन्यात सिलबंद निविदा मागविण्यात येत आहे. को-या निविदा कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी विभाग, अकोला याच्या कार्यालयात रकाना क्र. 8 मध्ये दर्शविल्याप्रमाणे कार्यालयीन वेळेत देण्यात येईल व रकाना के 9 मध्ये दर्शविल्याप्रमाणे कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी विभाग, अकोला यांचे कार्यालयात स्विकारले जातील अणि शक्य झाल्यास त्याच दिवशी उघडण्यात येतील, को-या निविदासंघांची किमत रोखीने अथवा मनिऑडरने स्विकारण्यात येईल. पोष्टल ऑडर, डीमांड ड्राफ्ट, धनादेश स्विकारले जाणार नाही याची नोंद घ्यावी.

| अ.क्र. | निविदा सुचना के वर्ष | कामाचे नाव | अंदाजे कामाचे मुल्य (रुपये) | अनापत रक्कम (रुपये) | कामा ची मुदत | निविदा शुल्क (रुपये) | निविदा विक्रीचा कालावधी | निविदा स्विकृतीची दिनांक व वेळ | गुण-ता प्राप्त निविदाकार | कामाचे ठिकाण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1. | बी-1/1. 2024-2025 | बोडोनाला उपसा सिंचन योजना चांदुरबाजार जि अमरावती बोडडीनाला उपसा सिंचन योजनेच्या सेवाव्दार, पातेरी जाळी, पायलॅान स्ट्रक्रचे संकल्पन व रेखाचित्रे पुरविण्याची कामे | 320000 | 3200/ | 60 दिवस | 1180/ - | दिनांक 27.03. 2025 ते 03.04. 2025 | 07.04. 2025 वेळ 16.00 वाजेपर्यंत | शा.नि. क्रं. संकीर्ण 1117/प्र.क्रं/ 104/17/ यांत्रिकी दि. 14/03/201 8 अन्वये पात्र कंत्राटदार | प्रकल्प स्थळी |


तपशिलवार निविदा सूचना कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी विभाग, अकोला यांचे कार्यालयातील सुचना फलकावर पाहता येईल. विनंती केल्यास विनामुल्य पाठविण्यांत येईल. 2) कोरी निविदा प्रपत्रे पोष्टाने मागविल्यास आणि उशिर झाल्यास हे कार्यालय जबाबदार राहणार नाही व त्याची सर्वस्वी जबाबदारी निविदाकाराची राहील. 3) अटीसह सादर केलेली निविदा प्रपत्रे मंजूर केल्या जाणार नाहीत. 4) कोणतीही अथवा सर्व निविदा प्राप्त प्रपत्रे कोणतेही कारण न देता नाकारण्याचा/रद्द करण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी विभाग, अकोला यांचेकडे राखून ठेवण्यात येत आहे. 5) व्दार निर्मीती / सयंत्र दुरुस्ती / विद्दयुत क्षेत्रातील कामाचा अनुभव असलेल्या निविदाकारास निविदा देण्यात येतील. यासाठी शॉप ॲक्ट, सेलटॅक्स, जीएसटी नोंदणी प्रमाणपत्र. पूर्वी केलेल्या आदेशाच्या प्रमाणीत प्रती सादर करणे आवश्यक आहे. 6) निधी अभावी देयकाची भुगतान करण्यास विलंब लागू शकतो, यासाठी स्वतंत्र व्याजाची किंवा इतर कोणतीही मागणी मान्य करण्यात येणार नाही. 7) निविदेतील कामाचे मुल्य शासकीय नियमाप्रमाणे आहेत. शासकीय नियमाप्रमाणे सर्व कर भरण्याची जबाबदारी निविदाकराची असून त्यामध्ये काही नूटी आढळल्यास देयकातून कपात करण्यांत येईल व नियमाप्रमाणे भुगतान करण्यात येईल. 8) कोरी निविदा खरेदी करतेवेळी निविदाकारास मागील मार्च 2024 अखेरपर्यंतचा विक्रीकर व आयकर भरल्याचा दाखला सादर करणे आवश्यक आहे. 9) निविदा उघडल्यापासून 60 दिवसावर्यंत वैध राहतील. 10) सदर निविदा wrd.mahayantriki.gov.in वर पाहायला मिळेल. 11) स्विकृत निविदाकारास निविदेच्या 2 टक्के, सहकारी संस्था यांना 2 टक्के सुरक्षा ठेव लागू आहे. सुरुवातीस निविदा रकमेच्या रकमेच्या 2 टक्के व मजूर सहकारी संस्था/सुशिक्षीत बेरोजगार यांना 1 टक्का सुरक्षा रक्कम व देयकातून अनुक्रमे 1 व 1 टक्के भरावी लागेल.

(वि.ल.वराडे)

कार्यकारी अभियंता
यांत्रिकी विभाग, अकोला

अम./ जाहि./1348/ 2024-2025

# पुण्यस्थल है गरूड़ वैकुंठ से धरती पर लाए



**पिछले अंक से आगे-**क्रीडाचल-श्रीहरि सिरि के साथ और उनके परिवार जनों के साथ आनंद से क्रीड़ा करने के कारण अवनि में यह क्रीडाचल के रूप में कीर्तिमान बन गया.

**गरुडाद्रि-**गुरुभारवाले इस पर्वत को गरुड वैकुंठ से धरती पर ले आये इसलिए यह गरुडाद्रि के रूप में कीर्तिमान बन गया.

**शेषाचल-**शेषाकृति में रहते विशेष को प्राप्त करके सर्वशेषी भगवान को अपने ऊपर भूषण के रूप में ढोनेवाले पर्वत होने से यह शेषाचल नाम से लोक प्रचलित हुआ.

**वृषाद्रि-**अनेक धर्मों का मूलाधार और जन-जन को धर्म सिध्दि प्रदान करने के कारण धरती में इसका नाम वृषाद्रि पड़ा है.

**वेंकटाद्रि-**जन-जन के संकटों को दूर करते अमृततुल्य जीवन और संपदाओं को प्रदान करनेवाला पर्वत होने के कारण इसका नाम वें कटाद्रिर पड़ा है.इस प्रकार से कल्प भेद से इस पर्वत को अनेक नाम प्राप्त हुए . उस पर्वत कीमहिमा के बारे में बताना -सुर-गुरु चतुर्मखी , षड्मुखी सहस्त्रमुखी लोगों के लिए भी संभव नहीं है. ऐसे पर्वत पर श्रीमन्नारायण वास करते रहे.ऐसे में इस गिरी के उत्तर भाग में एक दिन रमा समेत स्वामी श्रृंगार- विहार और विनद करते समय एक घटना घटी.

मुनियों की यज्ञ-शाला-रमा के साथ विहार करनेवाले रमापति ने देखा कि तप करनेवाले कुछ मुनिगण अपनी पत्नियों के साथ उस वेंकटाद्रि पहाड़ पर दिखाई दिए. कंद, मूल,फल फूलों के वृक्षों को अनेक तीर्थों को उस पर्वत पर देखकर वे अत्यंत प्रसन्न हुए. वहीं पर सुख से रहने का संकल्प किया. कुटीर बनायी . अपनी कुटिरों में रहते यज्ञ करने वाले उनको लेकर गरि ने लक्ष्मी से इसरूप में कहा. हे जलाब्धि कन्या निर्जन इस महास्थल में कुटीर बनाकर कोलाहल करनेवाले इनको देखकर अच्छा लग रहा है.इन पर अवश्य दया करनी चाहिए. संतोष के साथ आगे इस रूप में कहा. हे जलाब्धि कन्या निर्जन इस महास्थल में कुटीर बनाकर कोलाहल करनेवाले इनको देखकर

## विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की भक्तिमय सेवा

## किश्त-10, विश्वास वाले भक्तों को हर पल होता है अनुभव

**कहते हैं कि श्रद्धा से विश्वास और विश्वास से असंभव भी संभव हो जाता है. कलयुग के देवता भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी के करोड़ों भक्त विश्वभर में फैले हैं. पिछले 25 साल से उनकी भक्ति से क्या-क्या अनुभव किया है, इसको ध्यान में रखते हुए अनाथों के नाथ, निराधारों के आधार तिरूपति निवासा भगवान व्यंकटेश्वर की कथा यहां प्रस्तुत कर रहे हैं. हर गुरूवार को विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की यह भक्तिमय सेवा प्रभु चरणों में अर्पित है. निर्मल मन से प्रभु गोविंदा की भक्ति करने पर इसका अनुभव आप भी कर सकते हैं.दसवीं किश्त यहां दे रहे हैं. तिरूमल तिरूपति देवस्थानम तिरूपति द्वारा प्रकाशित मातृश्री तरिगोंड वेंगमांबा की श्री वेंकटाचल की महिला से साभार लिया जा रहा है. जय गोविंदा,जय गोविंदा, जय गोविंदा.**डिजिटल संस्करण

www.vidarbhswabhiman.com/9423426199

अच्छा लग रहा है. इन पर अवश्य दया करनी चाहिए. संतोष के साथ आगे इस रूप में कहा. हे सती ! देखो वे यज्ञशालाएँ वे सद्शशालाएँ यहाँ देखो अग्रिशाला. हे सखि ! वह हविर्भाग शाला, पत्नीशाला, यह यजमान शाला है वहाँ देखो. वह महानसगृह, वे अग्रि पात्र हैं. पशुओं को बांधकर रखनेवाली वे पंक्तियाँ हैं, वे ऋत्विक हैं ये नधर्वय हैं, वह सोमयाजी और वह सोमीदेवी हैं. अच्छी तरह देखो. सिरि, यह श्रौत कर्म करनेवाले सभी मुझसे ही पैदा हुए हैं. सवन स्वरूपी मेरे लिए अत्यंत प्रीति से वे यज्ञ करनेवाले हैं. इनकी कर्मनिष्ठ को आनंद से अब देखना चाहिए. यज्ञशाला पर जाकर उनके व्दारा किए जानेवाले यज्ञ करने की विधि को देखना चाहिए. चंद्रवदनी !चलो . इसके लिए तुमको वेश्या का वेश धारण करना पड़ेगा. अपने नटकटी व्यवहार दिखाते तुमको देखने मैं विट के रूप में वहाँ आकर यज्ञ कुंड के पास ब्राह्मणों के व्दारा भक्ति से हविस के समर्पण करते समय मैं उसे ग्रहण करूँगा. वहाँ मेरी प्रशंसा सुनते तुमको भी बहुत अच्छा लगेगा.

**कामिनी के रूप में लक्ष्मी का वेश धारण-**श्रीहरि की बातें सुनकर लक्ष्मी ने मंदस्मित होकर कामरूपिणी के रूप में वेश बदल लिया. साथ ही नखरे करने लगी. उनका वेशधारण अतिसुंदर है. रेशमी लहंगा पहनी हुई है. उस पर सुवर्णिम रंगवाली चमकीली जरी से बनी हुई साड़ी पहनी है. मोतियों से जटित सुंदर रंगीली रेशमी चोली पहनी हुई है. कुच भार से कमर उसकी कांप रही है. कटिबंध बांधी हुई है. आंखों में सुरमा शरीर भर चंदन लेप ललाट पर कस्तूरी तिलक लगायी है. सर से नील कुंतल केश लटक रहे हैं. अपनी संपूर्ण कलाओं से वे गुड़िया जैसी सुंदर लग रही है. सुंदर मोतियों से बनी नथ को माँग में लगायी है. कर्णफूल,चोटी का आभरण,गले में पगड़ों की माला और भी अनेक कंठाभरण, कान नाक, गला, भुजाओं में अनेक आभरण पहनी हुई है.उन आभरणों में रत्न, हीरे आदि जटित हुए हैं. सोने के कड़े, रत्नों से बनी वंकी, रन्तों से बने कंगन हाथों पर पहनी हुई है. सारे आभरण अपनी-अपनी कांति से लक्ष्मी के पूरे शरीर को कांतिमय बना रहे थे. आभरणों से लदी लक्ष्मी का रूप मनमोहक था. पैरों में पायल पहनकर लक्ष्मी हंस की तरह चलती दिखाई दे रही है. मानो लक्ष्मी विश्वमोहिनी बन कर वहाँ पर नखरे कर रही हैं. मानो धरती की सारी बिजलियाँ एकत्रित होकर लक्ष्मी के शरीर से विकीर्ण हो रही हैं. वहाँ देखनेवालों को लक्ष्मी अद्भुत लग रही थी. हाथ में कमल लेकर लक्ष्मी नाचते नखरे दिखाते अपनी चमक-दमक से सभी को मुग्ध कर रही हैं.ऐसी लक्ष्मी ने हरि की ओर देखा. लक्ष्मी की देखकर श्री हरि ने मुस्करा दिया.

शेष अगले अंक में


विदर्भ स्वाभिमान

RNI NO. MAHHIN / 2010 /43881

संपादक : सुभाषचंद्र दुबे    प्रबंधक : सौ. विणा एस. दुबे

| | | |
|---|---|---|
| जाहीर सुचना | 10x2 | 500 |
| जाहीर सुचना | 15x2 | 1000 |
| बच्चों का जन्मदिन | 10x2 | 500 |
| शादी की वर्षगांठ | 10x2 | 500 |
| नाम में बदल | 10x2 | 500 |
| गुमशुदा | 10x2 | 400 |
| श्रध्दांजलि | 10x2 | 500 |
| पुण्यस्मरण | 15x2 | 1000 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

विदर्भ स्वाभिमान, छाया कॉलोनी, अमरावती


मो. 9423426199/ 8855019189

ब्लॉक किराए से देना है

अकोली रोड स्थित छाया कॉलोनी में सभी सुविधायुक्त हॉल तथा किचन युक्त ब्लॉक किराए से देना है. इच्छुक निम्न मोबाइल पर संपर्क करें. छात्राओं को प्राथमिकता.

मोबाइल नंबर

9423426199, 8855019189



# त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

## पुलिस आयुक्त ने सभी से शांति बनाए रख खुशियां मनाने का आग्रह किया

**विदर्भ स्वाभिमान,26 मार्च**

**अमरावती**- शहर में पवित्र रमजान का महीना चल रहा है. इसके अलावा भी कई अन्य त्योहार भी एक साथ आ रहे हैं. 31 मार्च को चांद दिखाई देने पर रमजान ईद मनाई जाएगी. रमजान की तथा अन्य त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्तालय द्वारा शांति समिति की बैठक की गई. इसमें त्यौहार खुशियों से मनाने का आग्रह करने के साथ ही कानून हाथ में लेने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी.

इस बैठक के दौरान त्योहारों के दौरान बिजली गुल नहीं होने देने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया गया. किसी भी त्यौहार के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस की ही होती है लेकिन अगर त्योहार के दौरान बिजली गुल हो जाती है तो कई बार अंधेरे के कारण और असामाजिक तत्वों द्वारा कुछ उत्पात करने और शांति और व्यवस्था को भंग करने का प्रयास किया जाता है, अंधेरे के कारण होने वाली इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए त्योहारों पर बिजली और जलापूर्ति बंद नहीं होने देने का निर्देश पुलिस आयुक्त ने इस बैठक के दौरान दिया.

पुलिस आयुक्त नवीन चंद्र रेड्डी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मनपा उपयुक्त, मुस्लिम समाज के मान्यवर और अन्य विभागों के अधिकारी भी प्रमुखता से उपस्थित थे. शांति समिति की बैठक में मार्गदर्शन करते हुए पुलिस आयुक्त नवीन चंद्र रेड्डी ने त्योहार के दौरान बिजली और पानी की आपूर्ति किसी भी रूप में प्रभावित नहीं होने देने का निर्देश उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिया. अमरावती शहर हिंदू मुस्लिम एकता के लिए जाना जाता है और निश्चित तौर पर खुशी के मौके पर एक दूसरे के साथ




मिलकर ही खुशियां बांटने की आज तक परंपरा रही है. यही कारण है कि यहां की शांतिप्रिय जनता सदैव शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव प्रयास करती रही है. बैठक के दौरान शहर की साफ सफाई का मुद्दा प्रमखता से उठाया गया. इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त ने महानगरपालिका प्रशासन को साफ सफाई के मामले में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया. कई बार अफवाहें शांति को आग लगाने का काम करती हैं इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त ने लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द्ध बिगाड़ने वाला, एक दूसरे के प्रति नफरत पैदा करने वाला कोई भी संदेश पूरी तरह से जाने बगैर किसी को भी नहीं भेजना और अफवाहों से सावधान रहने का आग्रह किया. उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां शांति होती है वहीं प्रगति होती है. अशांति का प्रयास निश्चित तौर पर सभी के लिए परेशानी वाली स्थिति होती है. त्योहार खुशियों के लिए होते हैं ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी होती है कि नाहक की बातों से बचते हुए त्यौहार की खुशियां मनाई और सभी मिलजुल कर शांतिपूर्वक रहते हुए शहर तथा देश के विकास में योगदान दें. उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी की त्यौहार के दौरान शांति भंग करने वाले तत्वों के खिलाफ पुलिस कड़ाई से निपटेगी. उन्होंने बताया कि शांति भंग करने का प्रयास करने वाले लोगों की सूची भी पुलिस के पास तैयार है और शहर की शांति त्यौहार के दौरान अगर कोई भंग करता है तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी. पुलिस आयुक्त द्वारा ली गई बैठक और इस दौरान हुई चर्चा में शहर के प्रतिष्ठितों के साथ ही शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे और उन्होंने भी इस मौके पर महत्वपूर्ण सुझाव दिया. रमजान ईद ही नहीं बल्कि सभी त्योहार आपसी समझ और खुशी से मनाने का आग्रह करने के साथ असामाजिक तत्वों के साथ कड़ाई से निपटने संबंधी पुलिस आयुक्त की पहल का स्वागत किया जाना चाहिए. लोगों की भी जिम्मेदारी है कि वह ऐसी किसी हरकत अथवा शांति भंग करने का प्रयास करने वाले व्यक्ति की जानकारी पुलिस को दें और पुलिस को भी मिलने वाली इस जानकारी की गोपनीयता को बरकरार रखते हुए संबंधित तत्वों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का प्रयास करना चाहिए.

# भक्तों का मन मोह रहा है बडनेरा का श्रीश्यामबाबा मंदिर

*साल भर होते हैं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम, चंदूलाल सिंघानिया हैं भक्त*

**बडनेरा**- बडनेरा-यवतमाल रोड पर झिरी में स्थित श्रीराम और श्रीश्याम का नवनिर्मित मंदिर जहां भक्तों की आशाओं को पूरा कर रहा है, वहीं श्री श्यामबाबा का आकर्षक और मोहक श्रृंगार भक्तों को आकर्षित कर रहा है. मंदिर में चंदूलाल सिंघानिया परिवार, मंदिर ट्रस्ट के सहयोग से वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होता है. यहां पर श्यामबाबा की सजावट निश्चित ही भक्तों का मन मोह लेता है. स्वयं चंदूलाल सिंघानिया मंदिर में हर दिन पहुंचकर व्यवस्था पर नजर रखते हैं. वे स्वयं भी भक्त रहने के कारण बेहतरीन व्यवस्था का प्रयास करते हैं.

कभी ताली कीर्तन तो कभी श्यामबाबा के भजनों का कार्यक्रम होता है. मंदिर के संचालक और समाजसेवी तथा विदर्भ की सुख्यात श्रीराम दाल मिल के संचालक चंदूलाल अग्रवाल, पवन अग्रवाल के साथ ही मंदिर ट्रस्ट के भाविनभाई पटेल सहित अन्य भक्तों द्वारा जहां सदैव प्रभु सेवा में योगदान दिया जाता है. वहीं यहां होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में भी भक्त उमड़ रहे हैं. विधिवत पूजा-अर्चना, भोग, प्रसाद के साथ ही आचार्यों द्वारा धार्मिक विधियों को पूरा किया जाता है.सिंघानिया परिवार जहां भक्तीभाव से ओतप्रोत है, वहीं दूसरी ओर चंदूलाल अग्रवाल जितने सफल व्यवसायी हैं, उतने ही प्रभु के भक्त और सज्जन इन्सान हैं. यही कारण है कि मंदिर को उन्होंने विकास की ऊंचाईयों पर पहुंचाया है. उनके मुताबिक प्रभु की



कृपा और सभी के साथ के कारण यह संभव हो सका है. मंदिर में चार मंदिरों के दर्शन का पुण्य प्राप्त होता है. इसमें श्रीराम दरबार, श्यामबाबा, संत गजानन महाराज, बालाजी हनुमानजी के दर्शन का भाग्य भक्तों को मिलता है. मंदिर के सभी पुजारी भी प्रभु भक्ति में रत रहते हैं. यहां रोज बाबा की सजावट आने वाले भक्तों को लुभाती है. वहीं दूसरी ओर सुबह से लेकर रात तक हजारों की संख्या में भक्त मंदिर में दर्शन कर जीवन धन्य कर रहे हैं. एक ही स्थान पर प्रभु श्रीराम, बालाजी हनुमान के साथ ही कलयुग अवतारी श्रीश्यामबाबा के दर्शन का त्रिवेणी संगम भक्तों को मिलने से वे भी धन्य हो रहे हैं. मंदिर में दर्शन कर जीवन धन्य करने का आग्रह मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख चंदूलाल अग्रवाल ने किया है.

# गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल का गणगौर बिंदौरा 28 मार्च को




**विदर्भ स्वाभिमान, 26 मार्च**

**अमरावती**- सामाजिक एकता के साथ ही हमारे आदर्श परम्पराओं और संस्कृति का जतन करने में गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल सदैव अग्रणी रहती है. इसके चलते साल भर मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. इस कड़ी में इस बार गणगौर की शोभायात्रा का आयोजन किया है. इसमें सभी समाजबंधुओं से शामिल होने तथा सफल बनाने का आग्रह किया गया है. सपरिवार घंटाघर हनुमान मंदिर में 28 मार्च को ठीक शाम 5 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. सभी महिलाओं से इसमें उपस्थित रहने और कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है.

मंडल के मुताबिक शोभायात्रा गौड़ ब्रह्मण समाज की शान है पहचान है. अन्य समाज ने इस शोभायात्रा को हासिल करने का बहुत प्रयास किया लेकिन अपने पुरे समाज की एकता एवं सभी के व्दारा स्नेह भरे आशीर्वाद ने महिला समिति को पिछले कई 24 वर्षों से सफलता के पथ पर आगे बढ़ाया है. आप सभी के साथ होने से 25 वर्षों का सफर पता हि नहीं चला और इस 25वें वर्ष को हम लोग रजत वर्ष के रूप में मना रहे हैं. यह समाज के लिए जहां गर्व का विषय है, वहीं एकता में कितनी बड़ी ताकत होती है, इसका भी उदाहरण है.

सदैव समाज का इस कार्य में सहयोग मिलने के कारण ही यह संभव हो सका है. सभी समाज बंधुओं और सखियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफलता के शिखर पर पहुंचाने का आग्रह किया है. महिला समीती केवल समाज के हितार्थ निस्वार्थ भावना से 25 वर्षों से समाज की सेवा करती आ रही है. आज तक महिला समिति ने किसी के साथ भी किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया और सभी को सम्मान देने का प्रयास किया है. हर साल की तरह इस साल भी कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने के लिए सभी से सहयोग करने और कार्यक्रम को सफलता को आसमानी ऊंचाई तक पहुंचाने का आग्रह महिला मंडल पदाधिकारियों ने किया है.

# परशुराम शोभायात्रा समिति के संयोजक बने विक्की शर्मा

**विदर्भ स्वाभिमान, 26 मार्च**

**अमरावती-** अखिल भारतीय विदर्भ प्रांत अध्यक्ष श्री रमेश उर्फ पप्पू छांगाणी तथा अखिल भारतीय ब्रह्मण महासंघ जिल्हा अध्यक्ष डॉ. शशांक दुबे इनके मार्गदर्शन में अखिल भारतीय ब्रह्मण महासंघ अमरावती शहर जिला की गत दिनों हुई बैठक में समाज के तेजी से उभरते युवा व्यक्तित्व विक्की उर्फ विजय पुरूषोत्तम शर्मा को परशुराम शोभायात्रा समिति के संयोजक के रूप में आम सहमति से चुना गया. उनकी सराहना करते हुए अभिनंदन किया जा रहा है.

गणोरकर मठ, खापर्डे बगिचा यहा दिलीपदादा गणोरकर इनकी अध्यक्षता मे संपन्न हुई. प्रस्तत बैठक में आगामी परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा आयोजन हेतु चर्चा की गई. विशेष उल्लेखनीय बात यह है की, अखिल भारतीय ब्रह्मण महासंघ अमरावती शहर जिल्हा के पदाधिकारीयोकी सर्व संमती से, अखिल भारतीय ब्रह्मण महासंघ अमरावती जिल्हा युवक अध्यक्ष विक्की उर्फ विजय पुरुषोत्तम शर्मा इनकी परशुराम शोभायात्रा समिती के संयोजक पद पर नियुक्ती की गई . विक्की शर्मा यह गत अनेक वर्षो से शैक्षणीक, सामाजिक, सांस्कृतीक तथा क्रीडा क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य कर रहे है . गौरतलब रहे की, गौड ब्रह्मण युवक मंडल के वह भूतपूर्व अध्यक्ष रह चुके है . समाज हित के लिये भी विक्की ने अनेक सामाजिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक कार्य जैसे की, होली मिलन, नीव समर कॅम्प, नीव क्रिकेट टुर्नामेंट, श्री परशरामजी जन्मोत्सव निमित्त सुख-शांती वृध्दाश्रम मे किराण वाटप, होली मिलन, रुद्र अभिषेख जैसे कार्यो का समावेश है . इसीके साथ स्थानिक काली माता मंदिर से जुडे हुए है. सामाजिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक कार्य के साथ ही विक्की यह राजनिती में भी उल्लेखनीय कार्य कर रह है तथा वर्तमान मे विक्की शर्मा भारतीय जनता युवा मोर्चा के विद्यार्थी आघाडी शहर अध्यक्ष पद पर कार्यरत है . विक्की शर्मा के सामाजिक, धार्मिक, क्रीडा तथा सांस्कृतिक क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य को देखते हुये, अखिल भारतीय ब्रम्हण महासंघ ने सर्व संमती से परशराम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिती 2025 के





संयोजक पद पर विक्की शर्मा की नियुक्ती की गई है . इस उपलब्धी का श्रेय विक्की अपने पिता, धर्मपत्नी, भाई बंध तथा मित्र परिवार को देते है. प्रस्तत नियुक्ती के लिये सर्वत्र उनका अभिनंदन किया जा रहा है . प्रस्तत नियुक्ती के लिए विक्की शर्मा इन्होने अखिल भारतीय ब्रह्मण महासंघ का आभार व्यक्त किया. परशुराम जन्मोत्सव 2025 के उपलक्ष्य मे साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन जिसमे श्यामबाबा भजन संध्या, नृत्य स्पर्धा, स्वास्थ्य जांच शिबीर, वृक्षारोपण, पेंटिंग सेशन, अन्नदान जैसे उपक्रमो का समावेश रहने की बात विक्की शर्मा ने कही. प्रस्तत बैठक मे अखिल भारतीय ब्रह्मण महासंघ शहर अध्यक्ष गणेश जोशी (गुरूजी), महासचिव गोपाल दुबे, सहसचिव राजेश तिवारी, महिला जिल्हाध्यक्ष डॉ.मोना चिमोटे, युवती शहर अध्यक्ष ज्योति शर्मा, जितेंद्र शर्मा, संतोष शुक्ला, मनोज सेवक, अमित शर्मा, राहुल वाठोडकर, रमेश दुबे, आनंद मिश्रा, राजु देव, नितीन आंबुलकर, मिलिंद कोराने, कुणाल सदावर्ती, दीपक गोगरकर, राजेश चौबे, सुधीर देशमुख, प्रवीण जोशी, विजय जोशी, आशिष मिश्रा, कुणाल शर्मा, राज दुबे, कुणाल शर्मा, शुभम शर्मा, राजकुमार तिवारी, डॉ. विजयकुमार चौबे, नितीन वाठोडकर, सारंग जोशी, निशी चौबे, नमिता तिवारी, निकिता शुक्ला, कृष्णा शुक्ला, शर्मिला मिश्रा, प्रभा मिश्रा, एड. नमिता तिवारी, मनिषा उपाध्याय, निशा मिश्रा, शोभा मिश्रा आदी समाज बंधू एवं बेहने उपस्थित थी . विक्की शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में मार्गदर्शन कर के सहयोग करने का निवेदन किया है.भाजपा पदाधिकारी विक्की शर्मा युवा नेता के रूप में भी ब्राह्मण समाज के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं. उनके नेताओं के करीबी संबंधों का लाभ सदैव समाज को देने का प्रयास करते हैं. उनके चयन से सर्वत्र हर्ष की लहर व्याप्त है.

# खुशियां बांटने वाला पिटारा बना है लाफिंग क्लब

**विदर्भ स्वाभिमान, 26 मार्च**

**अमरावती-** ज़ीवन में आज खुशियां सर्वत्र हैं लेकिन कईयों के नसीब में नहीं होती हैं. शारदा नगर का लॉफिंग क्लब इसका अपवाद है. बेहतरीन स्वास्थ्य के साथ यहां हंसते-बिहंसते, एक-दूसरे को खुशियां बांटने के साथ ही जन्मदिन के माध्यम से हर व्यक्ति को खुशियां देने का काम करते हैं. कुल मिलाकर किशोरभाई शहा और उनकी टीम का यह प्रयास निश्चित ही अभिनंदन है.

शारदा नगर के बगीचे से जुड़े लाफिंग क्लब का हर सदस्य भाग्यशाली है. यहां होली तथा रंगपंचमी का पर्व जहां मनाते हैं, वहीं हर सदस्य का जन्मदिन, शादी की सालगिरह मनाने के साथ ही अपने सदस्यों की मुसीबत में भी पूरा ग्रुप जिस तरह से साथ खड़ा होता है, वह भी अपने आप में कम अभिनंदनीय नहीं है. क्लब में शहर के जाने-माने लोग हैं, जो व्यस्ततम लोगों में से एक हैं. लेकिन जिस तरह से वे एक-दूसरे के सुख-दुख के साथी बने हैं और जन्मदिन हो, शादी की सालगिरह हो, हर मामले में सदैव खुशी बांटने का काम करते हैं, वह निश्चित ही सराहनीय है. खुशियों को बांटने के साथ ही जन्मदिन की सामुहिक कार्यक्रम जिस तरह से मनाते हैं, वह अपने आप में अलग होती है.

राष्ट्रधर्म के साथ ही स्वयं के स्वास्थ्य को लेकर जहां वे खुश हैं, वहीं उम्र के जिस पड़ाव पर लोगों में निराशा घर करती है, उम्र के उस दहलीज पर यहां सभी की खुशियां, हंसी ठिठोली अन्य बुजुर्गों को भी प्रेरित करती है. जन्मदिन के साथ ही योग दिन और सभी त्यौहार यहां सामुहिक रूप से मनाया जाता है. होली के पर्व के दिन यहां सभी में अपार उत्साह वाली स्थिति थी. सभी के मुताबिक खुशियां बांटने से बढ़ती हैं. वहीं हर सदस्य के जन्मदिन से लेकर यहां सुबह 6 बजे से लेकर 8 बजे तक योगासन, प्राणायाम, कसरत, ट्रैक पर पैदल चलने के साथ ही सभी तरह की प्रक्रिया पूरी की जाती है. सोमवार को शारदा नगर लॉफिंग क्लब द्वारा रंगपंचमी मनाई गई.

शारदा नगर, देवरणकर नगर के सभी ज्येष्ठ नागरिक इसमें सहभागी हुए. सभी ने एक-दूसरे को गुलाल



लगाकर व्यायाम के बाद व्यायाम, झुंबा डांस और योगासन के बाद गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी. उत्साह के साथ यह कार्यक्रम मनाया गया. कार्यक्रम की सफलतार्थ किशोर शाह, प्रवीण जैन, मुरलीधर चोपड़े, डॉ. नंदकिशोर भुतड़ा, योगगुरू बंड, चोपड़े, सुरेश मेठी, सुरेश विजयकर, राधेश्याम अटल, चेतन चकुले, मनोज मूणोत, दीनबंधु मलिक, मनोहर भूत, रमेश सावरकर, वीरेन्द्र पांडे, डॉ. धानोरकर, डॉ. कविमंडन सहित सदैव आने वाले सदस्यों ने प्रयास किया.

बगीचे की दिनचर्या सुबह 6 बजे से आरंभ हो जाती है. सभी आने के बाद ट्रैक पर घूमने के बाद योगासन करने तथा इसके बाद जिस सदस्य का जन्मदिन है, उसे खुशियां बांटने, शुभकामनाएं देने के लिए अग्रणी हो जाते हैं. सभी एक-दूसरे की जमकर मजा लेते हैं लेकिन उसमें भी आत्मीयता और केवल खुशियां देने का ही उद्देश्य होता है. कहते हैं कि धन-दौलत खुशियां नहीं देती है, उससे कई गुना खुशी अच्छे मित्र देते हैं. यहां पर इसका अनोखा उदाहरण दिखाई देता है.

यहां किशोरभाई शाह के साथ ही टीम के सभी सदस्यों में अपार उत्साह रहता है. जहां अपने अनुभवों को यहां बांटते हैं, वहीं दूसरी ओर बुजुर्ग रहकर भी दिल से जवान रहने का अनुभव यहां के सदस्यों से आता है. उनका कहना है कि व्यक्ति उम्र नहीं बल्कि अपनी मानसिकता से बूढ़ा होता है.यहां आने वाले हर व्यक्ति अपने क्षेत्र में नामी रहने के बाद भी उनकी सादगी, एक-दूसरे से प्रेम तथा अपनापन किसी को भी प्रभावित किए बगैर नहीं रहता है. ऐसे में शारदा नगर लॉफिंग क्लब अमरावती जिले की लिए किसी आदर्श से कम नहीं है. उनकी गतिविधियां को शुभकामनाएं.इसी तरह सभी खुश रहें, खुशियां बांटते रहें, प्रभु चरणों में यही कामना.सभी क्ा दिली प्रेम और आत्मीयता निश्चित तौर पर काबिले तारीफ है, विदर्भ स्वाभिमान सैल्यूट करता है.

विज्ञापन प्रतिनिधि
चाहिए
महाराष्ट्र के साथ ही उत्तर प्रदेश में तेजी से लोकप्रिय हो रहे राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक विदर्भ स्वाभिमान के लिए विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है. मेहनती ही संपर्क करें.
- संपर्क -
विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय
छाया कॉलोनी, अकोली रोड, अमरावती
मो. 9423426199, 8855019189

विदर्भ स्वाभिमान
वार्ड संवाददाता चाहिए
अमरावती महानगर पालिका क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है. वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का फैसला विदर्भ स्वाभिमान ने लिया है. ऐसे में वार्ड स्तर पर संवाददाताओं की नियुक्ति करनी है. समस्या की समझ के साथ ही समाजसेवा में रूचि रखने वाले युवा संपर्क कर सकते हैं. अपने क्षेत्र की समस्याएं आप भी जागरूक नागरिक के रूप में देकर प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं. अपने क्षेत्र में मार्केटिंग के साथ ही विज्ञापन व्यवसाय के माध्यम से कमीशन के आधार पर कमाई भी कर सकते हैं.
संपर्क
छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती
मो. 9423426199/8855019189

मै ज़िंदगी का साथ
निभाता चला गया
हर फ़िक्र को धुएं में
उड़ाता चला गया
ग़म और ख़ुशी में फ़र्क़ न
महसूस हो जहां
मैं दिल को उस मक़ाम पे
लाता चला गया
जो मिल गया उसी को
मुक़द्दर समझ लिया
जो खो गया मैं उस को
भुलाता चला गया
बर्बादियों का सोग मनाना
फ़ुज़ूल था
बर्बादियों का जश्न
मनाता चला गया

# जिलाधिकारी कार्यालय तथा व्यावसायिक शिक्षा विभाग को गतिमानता पुरस्कार

## राज्य पुरस्कार मिलने से सर्वत्र खुशी,हो रहा अभिनंदन

**विदर्भ स्वाभिमान, 26 मार्च**

**अमरावती-** बेहतरीन प्रशासनिक कामकाज के लिए राज्य सरकार द्वारा राज्यस्तरीय पुरस्कार दिए जाते हैं. अमरावती जिले को प्रशासनिक गतिमानता के दो पुरस्कार प्राप्त हुए हैं. इसकी सराहना की जा रही है. राजीव गांधी प्रशासनिक प्रगति मिशन एवं प्रतियोगिता 2024-25 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है. इसमें दो कार्यालयों, जिला कलेक्टर कार्यालय को सर्वश्रेष्ठ विचार, पहल समूह से पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा संयुक्त संचालक, व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण को विभागीय स्तर के प्रस्ताव से पुरस्कार प्राप्त हुआ.

सर्वश्रेष्ठ विचार, पहल श्रेणी में दूसरा पुरस्कार अमरावती जिला कलेक्टेट को मिशन-28: मेलघाट के दूरदराज के क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के लिए नई पहल को लागू करने के लिए दिया जाएगा. यह पुरस्कार 30 हजार रुपये का है. संभागीय स्तरीय चयन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों में से संयुक्त संचालक, व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण, क्षेत्रीय कार्यालय, अमरावती को 5 लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है. 'उत्कृष्ट आईटीआई, जॉब फेयर, संवाद मंच' पहल के लिए 10 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया.

प्रतियोगिता में विभिन्न सरकारी विभागों, कार्यालयों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों एवं पहलों की प्रस्तुति दी. राज्य स्तरीय चयन समिति ने प्रस्तावों का मूल्यांकन किया तथा पुरस्कार के लिए विजेताओं का चयन किया. पुरस्कार विजेताओं को प्राप्त धनराशि का उपयोग कार्यालय सुधार या प्रतियोगिता में प्रस्तुत प्रस्तावों के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए करना होगा.जिलाधिकारी के रूप में सौरभ कटियार द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों के चलते इससे पहले भी जिलाधिकारी कार्यालय को कई पुरस्कार प्राप्त हो चुका है. इतना ही नहीं तो मेलघाट में पूरे प्रशासन को चौबीस घंटे तक रखने तथा वहां आदिवासियों के दुःख दर्द सुनने तथा मौके पर ही न्याय दिलाने की पहल की भी सराहना की जा रही है. इसी तरह व्यावसायिक शिक्षा संयुक्त संचालक प्रदीप घुले द्वारा भी व्यावसायिक शिक्षा तथा इसके माध्यम से रोजगार सृजित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भी यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है. दोनों ही अधिकारियों की सर्वत्र सराहना की जा रही है. राज्यस्तर पर पुरस्कार अमरावती जिले को मिलने की सर्वत्र सराहना हो रही है.

# नीलामी के माध्यम से तहसील कार्यालय परिसर की सफाई

**विदर्भ स्वाभिमान, 26 मार्च**

**अचलपुर-** तहसील कार्यालय परिसर में लंबे समय से कार्रवाई के बाद खड़े वाहनों की नीलामी के माध्यम से जहां कार्यालय की सफाई की गई, वहीं इस माध्यम से सरकारी तिजोरी में 10 लाख रूपए की निधि भी जमा हो गई है. यह प्रक्रिया गत दिनों पूरी की गई. पांच वाहनों के मालिकों ने जुर्माने की 5 लाख रूपए की राशि भरकर अपने वाहन प्राप्त किए.

जिनकी वसूली नहीं हो पा रही है उनकी चल व अचल सम्पत्तियों की नीलामी की दो दिवसीय प्रक्रिया में तहसील कार्यालय ने 10 लाख रूपए की वसूली की. अचलपुर तहसील कार्यालय में यह नीलामी प्रक्रिया की गई. तहसील कार्यालय को 10 लाख रुपए प्राप्त हुए. नीलामी प्रक्रिया के तहत 17 वाहनों की भी नीलामी की गई. 17 वाहनों में से 5 वाहन मालिकों ने 5-5 लाख रूपए जमा करते हुए अपने वाहनों की नीलामी बचा ली.

राजस्व विभाग को भी राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया है. इसके मुताबिक वसूली बढ़ाने के लिए अचलपुर तहसील कार्यालय द्वारा 24 मार्च और 25 मार्च को वसूली नहीं होने वाली अचल और चल संपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया तहसील कार्यालय में की गई थी. इस नीलामी प्रक्रिया में सर्वे नं. प्लॉट नं. 112/2- 23 की नीलामी से 6 लाख 25 हजार रुपए की वसूली की गई. अवैध गौण खनिज मामले में जब्त 17 वाहनों की भी नीलामी की जाने वाली थी. इन 17 वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया से पहले ही संबंधित 5 वाहन मालिकों ने 5-5 लाख रुपए की जुर्माना राशि अदा कर दी. शेष 12 वाहनों में से 11 को कबाड़ के रूप में नीलाम कर दिया गया. इन वाहनों के कारण तहसील कार्यालय को 10 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ. मुख्यमंत्री की 100 दिवसीय कार्ययोजना में सुंदर एवं स्वच्छ कार्यालय का मुद्दा शामिल किया गया है. उल्लेखनीय है कि पुराने वाहनों की नीलामी कर कार्यालय परिसर की सफाई का मुद्दा भी इसमें शामिल है. इसके अलावा, 1,000 करोड़ रुपये का राजस्व भी अर्जित किया गया. इन वाहनों से साढ़े आठ ब्रस रेती के माध्यम से 24 हजार 500 रुपए की राशि प्राप्त हुई.

# राजकमल चौक पर चप्पल बरसा कर कॉमेडियन कामरा का निषेध

**विदर्भ स्वाभिमान,26 मार्च**

**अमरावती-** शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख तथा राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की खिलाफ गाने के माध्यम से टिप्पणी करने वाले कुणाल कामरा के खिलाफ शिवसेना महानगर प्रमुख संतोष बद्रे के नेतृत्व में राजकमल चौक पर आंदोलन किया गया. शाम 5 बजे किए गए आंदोलन में शिवसैनिकों ने कुणाल कामरा के फोटो पर चप्पलों से प्रहार कर पैसे लेकर बदनाम करने का आरोप लगाया.आंदोलन में शिवसेना शिंदे गुट के पदाधिकारी संतोष बद्रे, सुनील केने, युवा सेना के राम पाटील, महिला मोर्चे की रेखा खारोडे, कोमल बद्रे, वृंदा मुक्तेवार, शारदा पेंदाम, सारिका जयस्वाल सहित शिवसेना के विभिन्न इकाइओं के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे. इसी तरह शिवसेना शिंदे गुट की महिला जिला प्रमुख नमिता तिवारी के नेतृत्व में निवासी उपजिलाधिकारी अनिल भटकर को ज्ञापन देकर कुणार कामरा के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई. उनके मुताबिक पैसे लेकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की बदनामी बर्दाश्त नहीं की जाएगी.




## गुरूवार 27 मार्च से 2 अप्रैल 2025

### मेष

ज़ीवन में सभी की भावनाएं समझते हुए काम करने का प्रयास करें. आपका कोई काम नहीं रूकेगा. सुख-सुविधा पर खर्च होने की संभावना है. किसी के पास फंसा हुआ धन मिलने की संभावना है. किसी से नाहक विवाद करने से बचना श्रेयस्कर होगा. जीवन में सदैव ईमानदारी से कार्य करने का प्रयास लाभदायी होगा.

### वृषभ

यह सप्तह आपके लिए काफी लाभदायी साबित होने वाला है. समझदारी और संयम का लाभ मिल सकता है. इनकी खासियत यह है कि ये बहुत जोशीले और जिद्दी स्वभाव वाले तथा अपमान बर्दाश्त नहीं करने वाले होते हैं.

### मिथुन

छात्रों को थोड़ी भी मेहनत सफलता दिलाने में सफल हो सकती है. पढ़ाई पर विशेष रूप से ध्यान दें. वाहन चलाने में गड़बड़ी भारी पड़ सकती है.

### कर्क

यह सप्ताह आपके लिए नई उम्मीदों वाला हो सकता है. ऐसे में समझदारी से हर काम को निपटाने का प्रयास करें. दिखावा भारी पड़ सकता है. आपसी सहमति नहीं बनने से कार्यस्थल पर विरोधाभासी स्थिति बन सकती है. धार्मिक यात्रा हो सकती है.

### सिंह

सप्ताह खुशियों वाला रहेगा. नाहक के विवाद से बचने का प्रयास करना श्रेयस्कर होगा. लीक से हटकर चलना फिलहाल जोखिमपूर्ण है.

### कन्या

विरोधी साजिश में फंसाने का प्रयास कर सकते हैं. ऐसे में सतर्कता बरतना जरूरी है. संयम से काम लेना उचित रहेगा.

### तुला

घर और कार्यालय के बीच तालमेल बिठाना जरूरी होगा. किसी से विवाद नहीं करना ही इस समय श्रेयस्कर है.

### वृश्चिक

दूसरों को प्रभावित करने के लिए स्वभाव में बदलाव का प्रयास करेंगे. निश्चित कामों में सफलता मिलने की संभावना है.प्रयासों की निरंतरता जरूरी.

### धनु

गुस्से से बना बनाया काम बिगड़ सकता है. विनयशीलता और प्रेम से काम लेने का प्रयास करें. वाहनादि धीरे से चलाएं.

### मकर

घर के बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. समय रहते कदम उठाना उचित रहेगा. अपनों से विवाद टालें. ठंड बढ़ने से स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा हो सकती है. संबंधों पर ध्यान दें.

### कुंभ

सप्ताह में मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है. इसके साथ ही अपने काम पर समर्पण के साथ ध्यान देना होगा. स्वास्थ्य पर ध्यान देना आपके लिए हितकर होगा. नाहक के विवाद से बचें .

### मीन

भगवान भोलेनाथ की कृपा बनी रहेगी. वाहन धीरे से चलाएं और नाहक के वाद-विवाद से बचना श्रेयस्कर होगा.स्वास्थ्य में गिरावट महसूस करेंगे.




सुंदर घर बेचना है

अकोली रोड के पुरूषोत्तम नगर में बेहतरीन लोकेशन स्थित स्वतंत्र, सामने हनुमान, शिव मंदिर तथा मनपा बगीचा के सामने स्थित घर बेचना है. निर्माण 550 फुट. नीचे दो रूम, किचन तथा सामने जगह. ऊपर एक रूम और स्वतंत्र टायलेट व शौचालय. बेहतरीन लोकेशन.लेने के इच्छुक ही सीधे संपर्क करें.

कुल प्लॉट 750 स्केअर फुट, साईज 40 बाय 25

9423426199
8855019189

# अच्छा करने वाले का नहीं होता है कभी बुरा

विदर्भ स्वाभिमान



**जीवन में की गई अच्छाई कभी बेकार नहीं जाती है**

**अमरावती शहर ने दिया है अल्प समय में अपार प्रेम**

**अच्छे काम में योगदान की कोशिश**

**अमरावती-** प्रभु ने हमें सुंदर मानव जीवन दिया है. इसका सदैव मानवता तथा इंसानियत के लिए उपयोग करने का प्रयास करना चाहिए. अच्छे लोगों के जीवन में मुसीबतें आती हैं लेकिन उनके अच्छे काम ही उन्हें मुसीबतों से बाहर भी निकालते हैं. इस आशय का मत मुर्तिजापुर के पूर्व नगराध्यक्ष,अमरावती के सुख्यात समाजसेवी और मानवता के कामों में सदैव अग्रणी रहने वाले नानकराम नेभनानी ने किया. उनके मुताबिक सच्चाई को कभी परेशानी हो सकती है लेकिन उसकी जीत सुनिश्चित रहती है.

ज़ीवन प्रभु का उपहार है. जिस माध्यम से सेवा का मौका मिले, उस माध्यम से सेवा करने का प्रयास करना चाहिए. मुर्तिजापुर के पूर्व नगराध्यक्ष, शिवसेना शिंदे गुट के वरिष्ठ नेता तथा सामाजिक, धार्मिक कामों में अग्रणी रहने वाले नानकराम नेभनानी के मुताबिक हर व्यक्ति द्वारा जीवन में जितना अच्छा किया जा सकता है, करने का प्रयास करना चाहिए. कई बार दवाओं की मर्यादा जहां खत्म होती है, वहीं दुवाओं का असर होता है. अपने जीवन में सदैव नेक काम को महत्व देने वाले तथा सदैव अच्छे कामों में अग्रणी रहने वाले नानकराम नेभनानी के मुख्यमंत्री के साथ ही कई मंत्रियों तथा वरिष्ठाधिकारियों के साथ गहन संपर्क रहने वाले नानकराम नेभनानी ने अमरावती में भी अपने सेवाकार्य का सिलसिला इसी तरह शुरू किया.

उनके मुताबिक राष्ट्र प्रेम के साथ हर व्यक्ति को जितना संभव हो अपने समाज और राष्ट्र के लिए सदैव अच्छा करने का प्रयास करना चाहिए. उल्लेखनीय कार्यों के चलते शिवसेना शिंदे गुट द्वारा शुरू शिवसेना प्रणित सिंधी समाज संगठन के महाराष्ट्र के मुख्य समन्वयक बनाए गए समाजसेवी नानकराम नेभनानी की जहां सराहना की जा रही है, वहीं सिंधी समाज में शिवसेना को मजबूती प्रदान करने का काम करने की बात कही. उनके मुताबिक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जमीन से जुड़े कार्यकर्ता और नेता रहने के कारण सिंधी समाज की समस्याओं को समझते हैं. वे अपने पद का उपयोग समाज की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के साथ ही समाज की प्रगति के लिए करेंगे. उनके मुताबिक सिंधी समाज मेहनती, समाजसेवी और संत महात्माओं की परम्परा को मानने वाले समाज है. ऐसे में समाज द्वारा सदैव नेक कामों में भी योगदान दिया जाता है. आज विभिन्न क्षेत्रों में इस समाज ने स्वयं का स्थान पैदा किया है.इस जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित पार्टी वरिष्ठों का आभार मानते हुए सदैव पार्टी मजबूती के लिए काम करने का भरोसा दिलाया. कुणाल सामरा द्वारा की गई टिप्पणी को चिंताजनक बताया और इसका विरोध किया.

# भगवान वैद्य प्रखर को काकेलकर पुरस्कार

**अमरावती-** शहर के प्रसिद्ध हिंदी लेखक भगवान प्रखर वैद्य को महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के निर्णय के अनुसार वर्ष 2023-24 के लिए काकेलकर जीवनी पूरक साहित्य पुरस्कार घोषित किया गया है. 25,000 रुपये नकद पुरस्कार, एक चित्र और एक प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की गई है. 18 मार्च को मुंबई के बांद्रा में आयोजित एक समारोह में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया. इस उपलक्ष्य में उनका सत्कार किया गया. उन्हें पूर्व में भी कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं.

रुको नहीं पथिक...आत्मकथा को यह पुरस्कार मिला.डॉ. गोविंद कासट उनके नियमित पाठक हैं और विशेष रूप से उनकी लघु कथाओं और व्यंग्य के प्रशंसक हैं. उनकी कई कहानियाँ और लेख डॉ. गोविंद कासट ने हमें पोस्टकार्ड के माध्यम से बधाई दी है. इस उपलक्ष्य में उनका सत्कार किया गया. मौके पर डॉ.गोविंद कासट,डॉ. कमलताई गवई, धीरूभाई सांगाणी, सुदर्शन गांग, प्रदीप जैन, प्रा. प्रभाकरराव ढोमने, प्राचार्य डॉ. सुभाष गवई, धनंजय गुलदेकर,डॉ. राजू डांगे और दिलीप सदार उपस्थित थे.




*गुणवत्ता विश्वसनीयता तत्पर सेवा*

**शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.**

**--संपर्क--**


**प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.**

**सन् 1967 पासून**

**अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट**

**संजय एजंसीज्**

**टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.फोन 2564125,2674048**







# राजपुरोहित स्टुडियो

***फोटोग्राफी की आधुनिकतम साज-सज्जा के साथ ही रियायती कीमत में बेहतरीन गुणवत्ता की विडियो शूटिंग के लिए शहर ही नहीं तो समूचे विदर्भ में एकमात्र विश्वसनीय केन्द्र.फोटोग्राफी, विडियो शूटिंग के साथ अलबम के काम किए जाते हैं.***

**राजपुरोहित फोटो स्टुडियो**

**शारदा नगर, रघुवीर मोटर्स के पास,अमरावती.अमरावती.**

**मो.9028123251**